कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य-05/2024 **दिनांक 05/07/2024**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,

वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 04.07.2024** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा एक अदद देशी तमंचा .12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.07.2024 को उ0नि0 श्री अनिल कुमार मिश्र, उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह मय हमराह मुख्य आरक्षी जलेश्वर सिंह, मुख्य आरक्षी दीपक वर्मा व आरक्षी मनीष चौहान के मामूर होकर रामपुर बन्तरा ओवर ब्रीज के पर अपराध एवं अपराधियों के सम्बन्ध में वार्ता कर रहे थे कि मुखबिर खास आकर अवगत कराया कि साहब ग्राम डण्डापुर गाँव मे कुछ दिन पूर्व आयी बारात मे जो लड़का अवैध असलहा लेकर डान्स कर रहा था, उसके सम्बन्ध में जानकारी हो गयी है। वह ग्राम चिलार का रहने वाला है। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त के घर पहुँचकर तलाश किया गया तो अभियुक्त अपने घर पर मौजूद मिला। जिससे उक्त नाजायज तमन्चा व कारतूस के बारे में जानकारी करते हुये अभियुक्त के निशानदेही पर नियमानुसार विडियोंग्राफी कर अभियुक्त के घर से एक अदद देशी तमंचा .12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर के बरामद कर अभियुक्त की गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 111/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत है-

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- समीर कुमार पुत्र रामानन्द राम निवासी ग्राम चिलार थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- दिनांक 04.07.2024 समय 01.45 बजे ।

गिरफ्तारी का स्थान - बहद ग्राम चिलार थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर।

बरामदगी का विवरण- एक अदद देशी तमंचा .12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर